आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 09.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- भारत–पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उच्चस्तरीय बैठक की। अधिकारियों को प्रत्येक परिस्थिति में पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिए।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ परिचालन तैयारियों की समीक्षा की।
- केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म को रक्षा अभियानों तथा सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज न करने को कहा।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित 7 हजार से अधिक आंगनबाड़ी और सहायिकाओं को 20 मई से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।
- और... प्रदेश में चार धाम यात्रा चरम पर। अब तक चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।

**सीएम बैठक**

भारत–पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उच्चस्तरीय बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को प्रत्येक परिस्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सीमांत क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही वहां तैनात प्रशासनिक इकाइयों को भी अलर्ट रखने पर जोर दिया। श्री धामी ने राज्य के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाओं, सर्जिकल उपकरणों और अन्य आवश्यक चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को राज्य में आवश्यक खाद्य सामग्री, राशन व पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान उन्होंने सूचना विभाग को अफवाहों से बचने तथा जनता को समय पर सूचना उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया।

अब से कुछ देर पहले विदेश मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 7–8 मई की रात, पाकिस्तानी सेना ने पूरे पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। साथ ही, एल ओ सी पर भारी कैलिबर हथियारों से फायरिंग भी की गई। करीब 300–400 ड्रोन के जरिये 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश हुई पर भारतीय सेनाओं ने कई ड्रोन को किनेटिक और नॉन–किनेटिक तरीकों से मार गिराया। इन बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का मकसद एयर डिफेंस सिस्टम की ताकत जांचना और खुफिया जानकारी जुटाना था,ड्रोन के मलबे की फॉरेंसिक जांच जारी है।

## रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के० त्रिपाठी शामिल हुए।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक की।

## लाइव कवरेज

सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है।

## फर्जी खबर

श्रोताओं, पाकिस्तान सोशल मीडिया पर भारत के विरूद्ध दुष्प्रचार फैलाने के लिए कई झूठी और भ्रामक खबरों का सहारा ले रहा है, इसलिए ऐसे समय में हर जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच करना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आपको कोई संदिग्ध सामग्री मिलती है, जो विशेषकर भारतीय सशस्त्र बलों या फिर मौजूदा स्थिति से संबंधित कोई जानकारी हो, तो आपको इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को अवश्य

देनी चाहिए। आप ऐसी जानकारी को व्हाट्सएप नंबर 8 7 9 9 7 1 1 2 5 9 और ईमेल आईडी– social media @pib.gov.in पर भी साझा कर सकते हैं।

**परीक्षा स्थगित**

देश में तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी दी। ये परीक्षाएं 9 से 14 मई के बीच आयोजित होनी थी। परीक्षा की नई तारीखों की जानकारी बाद में दी जाएगी।

**आईपीएल**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड– बीसीसीआई ने मौजूदा टाटा आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। इस निर्णय के पीछे हालिया हालात और खिलाड़ियों, प्रसारकों, प्रायोजकों सहित सभी संबंधित पक्षों की चिंताओं को ध्यान में रखा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि स्थिति की व्यापक समीक्षा के बाद ही नए शेड्यूल और स्थानों की घोषणा की जाएगी। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने यह फैसला सभी प्रमुख हितधारकों से सलाह–मशविरा करने के बाद लिया है।

**आपदा प्रबंधन**

भारत पाकिस्तान तनाव के बीच प्रदेश में आपदा के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों की प्रभावी निगरानी और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। इसके तहत शासन के अपर सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में तैनात किया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि सभी अधिकारीगण 24 घंटे संचालित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में तीन शिफ्टों में आठ–आठ घंटे की सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राज्य भर में नजर रखेगे और किसी भी तरह की आपदा या दुर्घटना की जानकारी तत्काल मिल सकेगी।

## चौकसी बढ़ाई

भारत–पाकिस्तान तनाव के चलते प्रदेश पुलिस ने हर जिले की सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में प्रदेश में स्थित केंद्रीय व रक्षा संस्थानों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। पुलिस अंतरराज्यीय जिलों की सीमाओं व आंतरिक मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही है। साथ ही बस अड्डे, रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वायड के साथ चेकिंग की जा रही है।

देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि जिले में पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि हर संदिग्ध पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उधर, सुरक्षा की दृष्टि से हरिद्वार जिले को भी संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इसे देखते हुए जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। जगह–जगह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरिद्वार में संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरती जा रही है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

## भारत–पाकिस्तान

टिहरी जिले में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। जिलाधिकारी मयूरी दीक्षित ने बताया कि जिले के सभी प्रमुख संस्थानों की सुरक्षा को और पुख्ता करने के निर्देश पुलिस को दिए गए हैं।

टिहरी बांध की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल– सीआईएसएफ के जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बांध की सुरक्षा को देखते हुए बांध के ऊपर से सार्वजनिक और निजी वाहनों की आवाजाही का समय कम कर दिया गया है। टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए टिहरी बांध की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अब टिहरी बांध के ऊपर से सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक ही निजी और सार्वजनिक परिवहन के वाहन संचालित हो सकेंगे।

## नियुक्ति पत्र

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 7 हजार से अधिक आंगनबाड़ी और सहायिकाओं को 20 मई से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने आज आंगनबाड़ी नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जल्द ही अंतिम चयन सूची जारी करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती आर्या ने बताया कि 12 जिलों की अनअंतिम चयन सूची जारी की जा चुकी है और हरिद्वार की अनअंतिम चयन सूची इस सप्ताह जारी हो जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सूची पर जल्द से जल्द आपत्तियां मंगाई जाए और उनका निस्तारण तय समय सीमा में किया जाए।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में चार धाम यात्रा चरम पर है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है। अब तक चार लाख से अधिक तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। चमोली में बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिले में सत्यापन अभियान तेज कर दिया गया है।

## मौसम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में अगले दो दिन बारिश के आसार बने हुए हैं। विभाग ने इस अवधि में राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है।

## घोड़ा खच्चर संचालन

श्री केदारनाथ धाम यात्रा में घोड़े–खच्चरों का संचालन बंद कर दिया गया है। पिछले दो–तीन दिनों से घोड़े–खच्चरों में बढ़ते संक्रमण के कारण जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। गौरीकुंड से केदारनाथ तक आवश्यक खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक सामान पहुंचाने का कार्य 1000 डंडी व कंडी श्रमिकों के माध्यम से किया जा रहा है।